Dainik Bhaskar

Memorandum submitted to the collector of direct recruitment against corporation

बारां| पावरइंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के कर्मचारियों ने विद्युत निगम में प्रस्तावित सीधी भर्ती के विरोध में शुक्रवार को कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन प्रदेशाध्यक्ष प्रसारण अरुण श्रीवास्तव की अध्यक्षता कार्यकारी जिलाध्यक्ष दीपक राठौड़ महासचिव की अगुवाई में दिया गया।

ज्ञापन में जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा ने बताया कि विद्युत निगम 1994 से रिक्त पड़े पदों पर सीधी भर्ती करने जा रहा है। अगर यह भर्ती होती है तो निगम में अनुभवहीन सहायक अभियंता आएंगे। इससे निगम का घाटा और बढ़ेगा निगम पर वित्तीय भार भी बढ़ेगा। निगम में पहले से ही उनके समकक्ष योग्यता रखने वाले 10-15 वर्षों से निगम में कार्यरत अनुभवी कनिष्ठ अभियंता मौजूद हैं, जो आज भी पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं। उनकी इन पदों पर भर्ती की जा सकती है। वर्मा ने कहा कि लंबे समय से कनिष्ठ अभियंताओं के लिए 4800 ग्रेड पे करने की मांग की है।

मिड-डे-मीलसंचालन समिति की बैठक 21 को: बारां. राष्ट्रीयपोषाहार कार्यक्रम (एमडीएम) के तहत जिला स्तरीय संचालन समिति की बैठक कलेक्टर डॉ. एसपी सिंह की अध्यक्षता में 21 सितंबर को शाम पांच बजे होगी। डीईओ प्रारंभिक के अनुसार मिनी सचिवालय के सभागार में होने वाली बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

बारां. मिनी सचिवालय परिसर में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते इंजीनियर।